भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 126
उत्तर देने की तारीख 03.02.2025

राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन

126. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा भारतीय कला और सांस्कृतिक विरासत की संरक्षा के लिए राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन और रोडमैप मिशन के माध्यम से क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) विभिन्न परंपराओं के कलाकारों को चिन्हित करने के लिए अपनाए गए सांस्कृतिक मानचित्रण का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा भविष्य में सांस्कृतिक विरासत के संबंध में बनाई जा रही योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) : संस्कृति मंत्रालय ने, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को परिरक्षित और संवर्धित करने हेतु राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) की स्थापना की है। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) द्वारा कार्यान्वित, इस मिशन का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक धरोहर को और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनः सुदृढ़ करने हेतु इसके सामर्थ्य को प्रलेखित करना है।

आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में, एनएमसीएम द्वारा जून, 2023 में मेरा गांव मेरी धरोहर (एमजीएमडी) पोर्टल (https://mgmd.gov.in/) की शुरुआत की गई। इस पहल का उद्देश्य भारत के 6.5 लाख गांवों की सांस्कृतिक धरोहर को प्रलेखित करना है। वर्तमान में, 4.5 लाख गांव, अपने संबंधित सांस्कृतिक पोर्टफोलियो सहित इस पोर्टल पर लाइव हैं।

एमजीएमडी पोर्टल में व्यापक प्रकार के सांस्कृतिक घटक सम्मिलित हैं जिनमें मौखिक परंपराएं, आस्थाएं, रीति-रिवाज, ऐतिहासिक महत्व, कला रूप, पारंपरिक खान-पान, प्रख्यात कलाकार, मेले और महोत्सव, पारंपरिक परिधान, आभूषण और स्थानीय लैंडमार्क शामिल हैं।

एनएमसीएम, भारत की सांस्कृतिक धरोहर के परिरक्षण और ग्रामीण समुदायों के सशक्तीकरण की ओर महत्वपूर्ण कदम है। सांस्कृतिक परिसंपत्तियों के प्रलेखन और संवर्धन के द्वारा, यह मिशन सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की ओर लक्षित है।

(ख): एमजीएमडी पोर्टल पर विभिन्न सांस्कृतिक डोमेनों, कलाकारों और पारंपरिक कला रूपों की पहचान करने तथा डेटा संकलन हेतु एक निर्धारित प्रारूप अपनाया गया है।

(ग): वर्तमान में, इस मिशन का मुख्य उद्देश्य देश के 6.5 लाख गांवों के डेटाबेस को पूरा करना और उनके डेटा को एमजीएमडी पोर्टल पर अपलोड करना है। इस मिशन के अन्य घटकों में- सांस्कृतिक मानचित्रण के माध्यम से संस्कृति प्रतिभा खोज, राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्य स्थल और आउटरीच-सूचीपत्र, पत्रिका, बुकलेट, विज्ञापन, मीडिया और प्रचार, विषयवस्तु डिजाइनिंग आदि सम्मिलित हैं।

****